


नवभारत
इंदौर, गुरुवार, 16 जुलाई 2026



## एक नजर में

### आईएफएमआईएस केयर्स केम्प के अंतर्गत समस्याओं के निराकरण हेतु 16 एवं 17 जुलाई को पंजीयन कराएं

**मंदसौर/नाहरगढ।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला कोषालय मंदसौर के अन्तर्गत समस्त आहरण एवं संवितरण द्वारा आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर का उपयोग विभिन्न प्रकार के वित्तीय संव्यवहार में किया जाता है ।इस व्यवस्था के उपयोग में कई बार समस्यायें दर्ज की जाती है। इन समस्याओं का त्वरित निराकरण एवं आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को समाधान से अवगत कराने के उद्देश?य से 16 जुलाई 2026 व 17 जुलाई 2026 को जिला कोषालय मंदसौर में आईएफएमआईएस केयर्स केम्?प के अंतर्गत डीडीओ कार्यालय में प्रचलित व नवीन समस्यायें जिला कोषालय में प्राप्त कर इनका पंजीयन किया जावेगा। इस दौरान तकनीकी रूप से या अन्य स्थितियों में जो समस्याएं जिला स्तर पर निराकृत नही कर पाएगें उनको संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा उज्?जैन को प्रतिवेदित किया जावेगा जिसके निराकरण हेतु संचालनालय कोष एवं लेखा को अवगत कराया जा सकेगा।

### दिलाई गई स्वैच्छिकता शपथ



**मंदसौर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस एवं स्वैच्छिकता पर्व के अवसर पर विकासखंड मंदसौर के नौगांवा सेक्टर अंतर्गत नवांकुर संस्था पारेश्वर युवा ग्राम विकास समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति घटावदा द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बालाजी मंदिर परिसर में गुलमोहर के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनपद सदस्य एवं भाजपा जिला महामंत्री शिवराज सिंह राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सहभागिता का संदेश देते हुए उपस्थित सभी नागरिकों को स्वैच्छिकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक अर्चना भट्ट ने बताया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में 4 जुलाई से 12 अगस्त तक प्रस्फुटन ग्रामों में स्वैच्छिकता पर्व मनाया जा रहा है। इस अवधि में वृक्षारोपण, स्वैच्छिकता एवं नशामुक्ति शपथ, स्वच्छता अभियान तथा विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में करण सिंह परिहार (अध्यक्ष, मजदूर कल्याण संघ), पुष्पा चौहान (महिला मोर्चा अध्यक्ष, मजदूर कल्याण संघ), रतनलाल चौहान (पारेश्वर युवा ग्राम विकास समिति, नौगांवा), अम्बालाल मेघवाल (अध्यक्ष, प्रस्फुटन समिति घटावदा), रमेशचन्द्र अहिरवार (ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, गुजरदा), शांतिलाल मीणा, प्यारचंद जाट, अनिल मेघवाल, मदनलाल चौकीदार, छगन मेघवाल एवं पूजा मोघिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सहभागिता और स्वैच्छिक सेवा की भावना को बढ़ावा देना रहा। अभियान के अंतर्गत बालाजी मंदिर, घटावदा परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

# 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

**भानपुरा। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में प्रदेश भर में 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान चलाया जा रहा है । अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाना है।**

इसी तारतम्य में अभियान के शुभारंभ अवसर पर 15 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे सरस्वती स्कूल से जन-जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ राहुल राणावत, तहसीलदार मुकेश कुमार निगम एवं थाना प्रभारी भानपुरा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।रैली सरस्वती स्कूल से प्रारंभ होकर नीमथूर दरवाजा, सदर बाजार,





जगदीश मंदिर, रामपुरा गेट होते हुए नया बस स्टैंड स्थित विजय स्तंभ पहुंची जहां उपस्थित नागरिकों को 'नशे से दूरी है जरूरी' की शपथ डिप्टी कलेक्टर राहुल राणावत द्वारा दिलवाई गई ।डिप्टी कलेक्टर राहुल राणावत ने बताया कि इस अभियान के तहत किशोर युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के लिए स्कूल क्षेत्र के आस पास की दुकाने जहां नशीले पदार्थ बीड़ी , सिगरेट, तंबाकू आदि मिलते हैं उन पर पुलिस विभाग से समन्वय करके नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । नगर में संचालित हो रही मांस की दुकानों के विषय में जब कार्यवाही हेतु जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि मुझे इस विषय में अभी जानकारी नहीं है संबंधित से जानकारी लेकर इस विषय में भी कार्यवाही की जाएगी ।

वही थाना प्रभारी रमेश चंद्र दांगी ने बताया कि नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत आज जन जागरूकता रैली निकाली गई है वहीं जब स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में मिल रहे नशीले पदार्थों के विषय में चर्चा की तो उन्होंने बताया कि इस विषय में भी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी और आमजन को जागरूक किया जाएगा और नियमानुसार कार्यवाही भी की जाएगी। रैली में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थी , जनप्रतिनिधि , आम नागरिकों सहित पत्रकार साथी उपस्थित रहे ।

**इन स्कूलों के 100 मीटर दायरे में बिक रहे नशीले पदार्थ**

नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत जहां से अभियान की शुरुआत की गई , वही महज 100 मीटर से भी कम दूरी पर ही संचालित दुकानों पर बीड़ी , सिगरेट, तंबाकू जैसे नशीले पदार्थ बेचे जा रहे हैं जिससे युवाओं को नशे की लत में धकेला जा रहा है ।इसी के साथ नगर के सांदीपनि विद्यालय , शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के साथ ही अन्य स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में कई दुकानों पर बीड़ी , सिगरेट , तंबाकू जैसे नशीले पदार्थ मिल रहे हैं ।

### पंकज जोशी बने लोक निर्माण विभाग मंदसौर के विधायक प्रतिनिधि



**मंदसौर।** क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन ने जिले के लोक निर्माण विभाग मंदसौर में अपने प्रतिनिधि के रूप में पंकज जोशी की नियुक्ति की है। इस नियुक्ति पर श्री जोशी ने विधायक श्री जैन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे उन पर व्यक्त किए गए विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग से संबंधित नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

## स्वस्थ्य तन मन रखने के लिए नियमित व्यायाम व दिनचर्या फिक्स रखें : जेल अधीक्षक मांझी

**मंदसौर।** आज बदलते मौसम में समय पर खाना खाना हल्का फुल्का व्यायाम करना ओर सुबह शाम पैदल भृमण करने से नींद अच्छी आयेगी ओर आप स्वस्थ्य रहेंगे

उक्त विचार प्रभारी जेल अधीक्षक यशवंत मांझी ने जिला जेल में आयुष विभाग जिला चिकित्सालय के सयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपस्थित बन्दियों को सम्बोधित करते हुए आगे कहा कि मेने जब से ज्वॉन किया तब से बन्धियों ने बार बार आग्रह किया जा रहा था कि आयुष विभाग माह में दो बार एक बुधवार छोड़ कर एक बुधवार आ रहा है लेकिन आँखों की जांच नही हो रही है और छाती से सबंधित विशेषज्ञ बुलाया जाए जिस पर आज जिला जेल में आयुष विभाग द्वारा डॉ अजय परमार डॉ पंकज डाभी कम्पोटर जयपाल सुनार्थी ने सेवाएं दी जिला चिकित्सालय टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ आर के द्विवेदी की टीम ने सभी बन्धियों का एक्सरे किया गयानेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अतुल की टीम ने सभी बन्धियों का नेत्र परीक्षण कर लगभग 100 से अधिक पेशेंट को हाथों हाथ चश्में वितरित किये गये तथा 6 बन्धियों ओर 1 महिला बन्दी को ऑपरेशन हेतु चयन किया गया । नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अतुल ने कहा कि इस सुंदर दुनिया को देखने के लिए ईशवर ने सुंदर अनमोल आँखे दी है इनकी देखभाल करना चाहिए ।

## टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मंदसौर टीम इंदौर रवाना

**मंदसौर।** जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्ग में भाग लेने के लिए इंदौर रवाना हुवे इसमें आयु वर्ग 13में बालक प्रखर मंडवारिया, आयु वर्ग 15 वर्ष में आरव गहलोत, अनन्य गहलोत, बालक 15 में आदित्य चांदना, आयु 15, और 17 वर्ष में बालक रौनक कुमावत, लक्ष्य होतवानी, बालक 19 वर्ष में ताहेर कोठा वाला, पुरुष वर्ग में अनिकेत आसवानी, श्याम गहलोत आदि खिलाड़ी मध्य प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित फर्स्ट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता दिनांक 16 से 18 जुलाई 2026 तक इंदौर के अभय प्रशाल में आयोजित की जा रही है इस प्रतियोगिता में मंदसौर जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के सभी खिलाड़ी की टीम इंदौर रवाना हो गई है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए मंदसौर जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष पिंकेश चेलावत, वरिष्ठ खिलाड़ी मनीष पोरवाल, अनूप पोरवाल, कुणाल पालीवाल, सुनील





जैन, कैलाश शर्मा, किशोर डाबर, अजय प्रधान, जितेंद्र बुलचंदानी, वैभव जैन, अली अजगर कोठावाला, आशुतोष कविश्वर, तनिष्क जैन, अभिषेक सेठिया, आशीष रेठा, एसोसिएशन के सचिव त्रिभुवन कविश्वर ने बधाई दी और सभी के प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की हैं। यह जानकारी मंदसौर जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव त्रिभुवन कविश्वर ने दी है।

## आचार्य श्री अशोक सागर सूरीश्वरजी सहित 5 आचार्यों का मंदसौर नगर में आगमन

**मंदसौर।** चन्द्रपुरा मेन रोड स्थित श्री आर्यरक्षित सूरि जैन तीर्थ में वर्ष 2026 का चातुर्मास तीर्थ के प्रेरक आचार्य श्री अशोक सागरजी म. सा. व 4 अन्य जैन आचार्यों का होने जा रहा है। कल बुधवार को आचार्य श्री अशोक सागर सूरिश्वरजी म. सा. के साथ जैन आचार्य सागरचन्द्र सागर सूरीश्वरजी म. सा., आचार्य सौम्यचन्द्र सागर सूरीश्वरजी म. सा., आचार्य विवेकचन्द्र सागर सूरीश्वरजी म. सा., आचार्य तीर्थचन्द्र सागरजी सूरीश्वरजी म. सा., प्रवर्तक पद्मयश सागरजी म. सा., प्रवर्तक धैर्यचन्द्र सागरजी, गणिवर्य मोक्षचन्द्रसागरजी, मुनि वैराग्यचन्द्रसागरजी, धन्यचन्द्रसागरजी म. सा. व साध्वी शीलरेखा श्रीजी म. सा. आदि ठाणा 7 का नगर आगमन हुआ।

आचार्य श्री का वर्षावास (चातुर्मास) हेतु भव्य प्रवेश चल समारोह दिनांक 19 जुलाई रविवार को निकलेगा। चातुर्मास मंगल प्रवेश के पूर्व बुधवार को आचार्य श्री के नगर



आगमन पर श्री आर्यरक्षित जैन तीर्थ ट्रस्ट मण्डल, जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ एवं नगर के गणमान्य नागरिकों के द्वारा अगवानी की गयी। चतुर्विद संघ (साधु-साध्वी-श्रावक-श्राविका) की गरिमामय उपस्थिति में संतों का नगर प्रवेश हुआ। आचार्य श्री के नगर आगमन पर जिला जेल परिसर के सामने आरआरबी चौराहा पर जैन समाजजनों ने उपस्थित होकर उनकी अगवानी की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। चल समारोह निकाला गया जो महू-नीमच रोड, नाहटा चौराहा, रेल्वे स्टेशन रोड, आरस नेत्र चिकित्सालय रोड होते हुए चल समारोह अनिल संघवी के निवास स्थान प्रेम कॉलोनी पहुँचा यहाँ चन्द्रकुमार संघवी परिवार के अनिल संघवी, अरविन्द संघवी, अजय संघवी ने गहुली कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा यहां संघवी परिवार के द्वारा नवकारसी का भी आयोजन किया गया।

# नीमच

## एक नजर में

### यातायात प्रभारी सोनू बड़गुर्जर रक्षित निरीक्षक पद पर पदोन्नत, एसपी ने स्टार लगाकर दी शुभकामनाएं

**नीमच।** जिले की यातायात प्रभारी सूबेदार सोनू बड़गुर्जर को मध्यप्रदेश शासन द्वारा रक्षित निरीक्षक (आरआई) के पद पर पदोन्नत किया गया है।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल ने उनके कंधों पर स्टार लगाकर सम्मानित किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।सोनू बड़गुर्जर अपनी कार्यकुशलता, अनुशासित कार्यशैली और मिलनसार व्यवहार के लिए जानी जाती हैं। नीमच में यातायात प्रभारी के रूप में उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने, सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने तथा पुलिस और



नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उनकी पदोन्नति की खबर मिलते ही पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा शहरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।सभी ने विश्वास जताया कि वे नई जिम्मेदारी में भी अपनी नेतृत्व क्षमता, अनुभव और समर्पण से विभाग का गौरव बढ़ाएंगी।पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने कहा कि यह पदोन्नति उनकी कड़ी मेहनत, उत्कृष्ट सेवा और समर्पित कार्यशैली का सम्मान है।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सोनू बड़गुर्जर भविष्य में भी विभाग की अपेक्षाओं पर खरी उतरते हुए उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करती रहेंगी। सोनू बड़गुर्जर की इस उपलब्धि से पुलिस विभाग में खुशी का माहौल है और उन्हें लगातार बधाई एवं शुभकामनाएं प्राप्त हो रही हैं।

### राजस्व अमले की त्वरित कार्रवाई से कंजार्डा के 12 किसानों को मिली राहत

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में जिले में बंद शासकीय रास्तों एवं रास्ता संबंधी विवादों के निराकरण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत राजस्व विभाग ने मनासा तहसील के ग्राम कंजार्डा में 12 किसानों की लंबे समय से चली आ रही रास्ते की समस्या का त्वरित समाधान किया है। मनासा तहसील के पटवारी हल्का क्रमांक-45 अंतर्गत ग्राम कंजार्डा में सर्वे नंबर 1510, 1506, 1505, 1504, 1503, 1502 सहित अन्य सर्वे नंबरों की दक्षिण दिशा में गहरी खाई होने से शासकीय रास्ता अवरुद्ध हो गया था।इसके कारण रामचंद्र पिता मोडीराम, भंवरलाल पिता बालु, भागूबाई पति/पिता हरिराम, प्यारचंद पिता कजोड़, रामचंद्र पिता कंवरलाल सहित 12 किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने तथा कृषि यंत्रों एवं उपज के परिवहन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।समस्या की जानकारी प्राप्त होते ही राजस्व अमला मौके पर पहुंचा और जेसीबी मशीन की सहायता से गहरी खाई को भरवाकर शासकीय रास्ता पुनः सुगम कराया। रास्ता खुलने से किसानों को अब अपने खेतों तक कृषि यंत्रों की आवाजाही तथा फसल के परिवहन में सुविधा मिल रही है।राजस्व विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिली है। किसानों ने समस्या के शीघ्र समाधान पर जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।इस कार्रवाई में एसडीएम मनासा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार मनासा सहित राजस्व अमले की सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका रही।

## सूने मकान में हुई चोरी का खुलासा, 4 लाख के आभूषण बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**मनासा। जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों एवं चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना मनासा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नकबजनी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 4 लाख रुपये मूल्य के चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।**

पुलिस के अनुसार फरियादी ने थाना मनासा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 2 बजे से 3:30 बजे के बीच अज्ञात चोर उसके सूने मकान का ताला तोड़कर करीब 20 हजार रुपये नकद एवं सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। मामले में थाना मनासा में अपराध क्रमांक 348/2026 दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।



पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मनासा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश अवस्थी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया ।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम तुफान पिता लालूराम गुर्जर, निवासी टामोटी, थाना कुकड़ेश्वर बताया। प्रारंभ में आरोपी पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने सूने मकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया ।आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गए करीब चार लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर लिए हैं।

### पीजी कॉलेज में दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**नीमच।** मध्य प्रदेश शासन के नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत बुधवार को स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति शपथ एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात एनएसएस स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति से संबंधित प्रेरक नारों के माध्यम से आमजन को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

## जाजू कन्या महाविद्यालय में करियर मार्गदर्शन व्याख्यान एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**नीमच।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच में आधुनिक करियर के लिए आवश्यक कौशलों में बदलाव विषय पर करियर मार्गदर्शन व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को बदलते रोजगार परिदृश्य के अनुरूप आवश्यक कौशलों से अवगत कराना तथा उन्हें आत्मनिर्भर एवं प्रतिस्पर्धी बनने के लिए प्रेरित करना था। मुख्य वक्ता अनुराग सक्सेना, सेवी स्मार्ट ट्रेनर, मंदसौर ने छात्राओं को वर्तमान समय में रोजगार के बदलते स्वरूप, प्रभावी संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, डिजिटल स्किल्स, नेतृत्व क्षमता एवं व्यावसायिक दक्षताओं के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल शैक्षणिक योग्यता सफलता के लिए पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति भी बेहद आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से समय के साथ स्वयं को अपडेट रखने तथा नई तकनीकों एवं कौशलों को सीखने का आह्वान किया ।व्याख्यान के दौरान छात्राओं ने करियर से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका अनुराग सक्सेना ने व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया। उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्य निर्धारित कर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया ।इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। छात्राओं, प्राध्यापकों एवं महाविद्यालय परिवार ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर निर्माण एवं प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया।

### नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान का आगाज, साइकिल रैली से दिया नशामुक्ति का संदेश

**नीमच।** मध्यप्रदेश शासन के नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम से जागरूकता साइकिल रैली निकालकर अभियान का शुभारंभ किया गया।कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार व्यास ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। साइकिल रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां प्रतिभागियों ने आमजन को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का संदेश दिया।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार व्यास ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में यह विशेष अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान जिलेभर में जनजागरूकता कार्यक्रम, नशामुक्ति शपथ, विद्यालयों में संवाद कार्यक्रम, नशे के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में जागरूकता गतिविधियां तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा ।एसपी ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है।इसे रोकने के लिए पुलिस के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता जरूरी है।

**एक नजर** — गंभीर हालत में निजी अस्पताल से हायर सेंटर रेफर की गई महिला का ज्ञानोदय

## साहसिक प्रयास से गर्भवती महिला और नवजात को मिला नया जीवन

**नीमच।** चिकित्सा विशेषज्ञता, त्वरित निर्णय और समर्पित टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए ज्ञानोदय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नीमच के चिकित्सकों ने अत्यंत गंभीर अवस्था में भर्ती 23 वर्षीय गर्भवती महिला एवं उसके नवजात शिशु की जान बचाकर नया जीवन दिया।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार महिला नौ माह की गर्भवती थी और प्रसव के लिए गंभीर स्थिति में अस्पताल पहुंची। उनका रक्तचाप 220/130 एमएमएचजी था, लगातार दौरे (सीज़र) आ रहे थे,



फेफड़ों में पानी भर गया था (पल्मोनरी एडीमा) तथा वह पूरी तरह बेहोश थीं। बताया गया कि नीमच के एक निजी अस्पताल द्वारा उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया था, लेकिन उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए रास्ते में जान जाने की आशंका भी बनी हुई थी।अस्पताल पहुंचते ही क्रिटिकल केयर टीम ने तत्काल मरीज को इंट्यूबेट कर वेंटिलेटर सपोर्ट पर लिया और जीवनरक्षक उपचार शुरू किया। परिजनों को स्थिति की गंभीरता और उपचार से जुड़े संभावित जोखिमों की जानकारी देने के बाद तत्काल इमरजेंसी सिजेरियन ऑपरेशन का निर्णय लिया गया प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभ्रा तिवारी (एमबीबीएस, डीएनबी) ने अपनी टीम के साथ सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर सुरक्षित प्रसव कराया। इसके बाद मरीज को चार दिनों तक आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया,

जहां क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. अतुल पाटीदार (एमबीबीएस, एमडी, डीएम - क्रिटिकल केयर मेडिसिन) एवं उनकी टीम ने चौबीसों घंटे निगरानी रखते हुए उपचार किया। लगातार उपचार से मरीज का रक्तचाप सामान्य हुआ,